हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 28 फरवरी 2026

[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

06 बाबा श्याम की रंग, गुलाल के साथ उत्साह से निकली...



08 विवाह प्रमाण पत्र महंगा हुआ, 50 की जगह अब...



## खबर संक्षेप

### जनगणना 2027 के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण



**विदिशा।** जनगणना 2027 के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों को सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण कराने कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। दूसरे दिन जनगणना एप पर जानकारी अपलोड करने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने एसडीएम, तहसीलदार व निकाय अधिकारियों को त्रुटिरहित कार्य करने के निर्देश दिए। प्रथम चरण में मकानों की गणना तथा परिवार के मुखिया से संबंधित 34 बिंदुओं पर जानकारी दर्ज की जाएगी। प्रशिक्षण में पीपीटी व वीडियो के माध्यम से विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

### एसपी ने की नगद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने थाना मुगलसराय में दर्ज अपराध के फरार आरोपी देवेन्द्र पुत्र विशनदास त्यागी, संतोष पुत्र नारानदास त्यागी और राधारमण पुत्र देवेन्द्र त्यागी निवासी ग्राम रुसल्ला अभयराज थाना मुगलसराय जिला विदिशा की सूचना देने वालों को एक-एक हजार रुपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### आज क्षेत्र के कई इलाकों में गुल रहेगी बिजली

**विदिशा।** आज शनिवार को बाल विहार फीडर पर केबलीकरण का कार्य किया जाएगा। जिस कारण सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक बांसकुली, शिवाजी चौक आदि क्षेत्र में बिजली गुल रहेगी।

### बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि, प्रतिमा के सौंदर्यीकरण का निर्णय



**विदिशा।** रघुवीर चरण शर्मा स्वतंत्रता सेनानी न्यास के तत्वावधान में चंद्रशेखर आजाद की 97वीं पुण्यतिथि पर मेडिकल कॉलेज मार्ग स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। प्रतिमा का स्थापना कार्य स्वर्गीय रघुवीर चरण शर्मा द्वारा दी गई निधि से कराया गया था। कार्यक्रम को न्यास अध्यक्ष गोविंद देवलिया, उपाध्यक्ष अतुल शाह, राजकुमार सराफ प्रिंस, अनुमा आचार्य एवं अरविंद श्रीवास्तव ने संबोधित किया। इस अवसर पर नगर में स्व. रघुवीर चरण शर्मा के योगदान को भी याद किया गया। कार्यक्रम के बाद प्रतिमा के पुनः रंग-रोगन का निर्णय लिया गया।

## खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, जयकारों और भजनों से गूंजा मंदिर परिसर, हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगर विदिशा पीतलमिल क्षेत्र वैशाली विहार स्थित खाटू श्याम मंदिर में गुरुवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही दूर-दूर से भक्त टोलियों में कीर्तन करते हुए मंदिर पहुंचे। श्याम बाबा के जयकारों और भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय रहा।

श्रद्धालुओं ने भगवान खाटू श्याम के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में व्यवस्था बनाने समिति के सदस्य मुस्तैदी से जुटे रहे। खाटू श्याम समिति के अध्यक्ष घनश्याम बंसल ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से यह आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इस विशेष तिथि को भगवान श्याम बाबा द्वारा शीश दान किए जाने की मान्यता है, जिसके कारण यह दिन भक्तों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। दिनभर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा।





### बैठकः फीस, आरटीई के तहत प्रवेश और छात्र सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी

## स्कूलों ने तय दुकानों से किताब-गणवेश खरीदने का दबाव बनाया तो होगी कार्रवाई

*निजी स्कूल संचालकों की मनमानी रोकने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके बाद भी मनमानी की जाती है तो संबंधित स्कूल संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

**फीस के अभाव में टीसी या मार्कशीट रोकने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी**



विदिशा। कलेक्टर के निर्देश पर शमशाबाद एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने निजी स्कूल संचालकों को दी समझाइश।

नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही निजी शिक्षण संस्थानों द्वारा अभिभावकों पर किसी विशेष प्रकाशक की पुस्तकें या निर्धारित दुकान से किताबें एवं शाला गणवेश खरीदने के दबाव की शिकायतों को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के निजी स्कूलों के प्राचार्यों व संचालकों की बैठक आयोजित कर स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा ने बैठक में कहा कि कोई भी निजी विद्यालय विद्यार्थियों या अभिभावकों को किसी विशेष पाठ्यक्रम, प्रकाशक या एक ही दुकान से किताबें एवं गणवेश खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जहां तक संभव हो, पिछले वर्ष के पाठ्यक्रम को यथावत रखा जाए। ताकि अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने या शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित संस्था के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उपस्थित विद्यालय प्रतिनिधियों ने शासन के निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के दबाव की स्थिति में संबंधित अनुभाग कार्यालय में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल की अध्यक्षता में निजी स्कूल संचालकों की बैठक हुई। बैठक में शिक्षा व्यवस्था, फीस निर्धारण, आरटीई के तहत प्रवेश, पाठ्यक्रम संचालन एवं छात्र सुरक्षा जैसे विषयों पर समीक्षा की गई।

- शिकायत प्राप्त होने पर संस्था पर होगी कार्रवाई।

#### शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम संचालित हो

बैठक में निर्देश दिए कि विद्यालयों में केवल शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम ही संचालित किया जाए तथा विद्यार्थियों को किसी एक दुकान से पुस्तकें या गणवेश खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए। फीस विनियमन अधिनियम 2017 एवं संशोधन 2020 व 2025 के प्रावधानों के तहत ही शुल्क लिया जाए। आरटीई के तहत स्वीकृत सीटों पर शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने तथा संबंधित दस्तावेज व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। फीस के अभाव में किसी छात्र की टीसी या मार्कशीट रोकने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। विद्यालय परिवहन में सुरक्षा मानकों का पालन, वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन एवं निर्धारित संख्या में ही छात्रों को बैठाने के निर्देश भी दिए गए।

## भाजपा ने जिला कार्यकारिणी घोषित की, 25 पदाधिकारियों की सूची जारी

**लंबे समय बाद भाजपा जिलाध्यक्ष ने नाम घोषित किए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लंबे समय बाद आखिरकार भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने नई जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने 25 नए पदाधिकारियों की सूची जारी की है।

उपाध्यक्ष पद पर दीपक खोड़के, संतोष शर्मा, संदीप डोंगर सिंह, पंकज पांडे, जितेंद्र मीणा, अंजली यादव, यशवंत सिंह रघुवंशी, संदीप ठाकुर को रखा गया है। महामंत्री पद पर बलवीर रघुवंशी, रवि सोनी, अनिल सोनकर को नियुक्त किया गया है। जिला मंत्री बबीता दांगी, हरिबाई अहिरवार, राजकंवर बघेल, राज रघुवंशी, दुष्यंत धाकड़, गायत्री रघुवंशी, राधा साहू, रामकृष्ण मीणा को बनाया है।

कोषाध्यक्ष रीना जैन, सह कोषाध्यक्ष राजेश धाकड़, कार्यालय मंत्री मुकेश चौकसे, सह कार्यालय मंत्री महेंद्र लोधी, मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल जैन, सह मीडिया प्रभारी राजेश अरोरा को बनाया है।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, हर पहलू पर जांच शुरू



**विदिशा।** गुलाबगंज के पास माला गांव में शुक्रवार सुबह 24 वर्षीय सिमरन अहिरवार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी शादी करीब एक वर्ष पहले बलवंत अहिरवार से हुई थी। परिजनों के अनुसार सुबह 9 से 10 बजे के बीच सिमरन घर में फंदे पर लटकी मिली। घबराए परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुलाबगंज ले गए, जहां से गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। विवाह को एक वर्ष ही होने के कारण दहेज प्रताड़ना सहित अन्य सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। परिजनों और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रात में लटेरी, सिरोंज, आनंदपुर थाने में पहुंचे एसपी संवेदनशील स्थलों पर निगरानी रखने दिए निर्देश

**होली-ईद से पूर्व सुरक्षा चाक-चौबंद करने के निर्देश, रात्रि गश्त और डायल-112 पर विशेष जोर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी ने गुरुवार रात लटेरी, सिरोंज एवं आनंदपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। होली, रंगपंचमी, ईद, रमजान एवं नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सख्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए रात्रि गश्त एवं पेट्रोलिंग को प्रभावी और सतत बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने बीट क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करें तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखें। डायल-112 वाहनों में पर्याप्त स्टाफ की उपलब्धता, त्वरित रिस्पॉन्स और निरंतर मॉनिटरिंग करने पर भी जोर दिया गया।



## करैयाखेड़ा जोड़ पर जायलो कार से 62 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त, डंडापुरा में पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो बड़ी कार्रवाई कीं हैं। जिसमें 62 किलो 200 ग्राम गांजा एवं एक जाइलो कार जब्त की गई।

सिविल लाइन पुलिस ने करैयाखेड़ा बाईपास जोड़ से वाहन जाइलो कार को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी में 61 किलो गांजा जब्त किया गया है। जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई जा रही है। साथ ही एक 15 लाख कीमत की जायलो कार जब्त की गई है। वहीं कोतवाली पुलिस ने रघुवंशी धर्मशाला के पीछे डंडापुरा क्षेत्र से 1 किलो 200 ग्राम गांजे के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी सावित्री बाई रघुवंशी पति जितेंद्र रघुवंशी निवासी उदय नगर कॉलोनी और सौरभ विश्वकर्मा पिता रामनारायण विश्वकर्मा निवासी रघुवंशी धर्मशाला के पीछे डंडापुरा को न्यायालय में पेश किया गया है।



## केजरीवाल सहित आरोपी बनाए गए 23 लोगों के बरी होने पर 'आप' ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न , मिठाई बांटी

*केजरीवाल के बरी होने पर आम आदमी पार्टी ने माधवगंज पर जश्न मनाकर आतिशबाजी की और लोगों को मिठाई बांटी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया सहित आरोपी बनाए गए 23 लोगों को कथित शराब घोटाले मामले में सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।



यह फैसला सीबीआई की विशेष अदालत राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा सुनाया गया। जिला इकाई द्वारा अर्श पैलेस में प्रदेश व जिले के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में दिल्ली से पार्टी की राष्ट्रीय नेता एवं कवयित्री शहनाज हिंदुस्तानी विशेष रूप से उपस्थित थीं। सम्मान समारोह शुरू होने ही वाला था कि बरी होने का समाचार मिला, जिसके बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ कार्यकर्ता शहनाज हिंदुस्तानी, जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा एवं अन्य नेताओं के साथ माधवगंज चौराहे पहुंचे। वहां मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई गई।

सभा को संबोधित करते हुए शहनाज हिंदुस्तानी ने कहा कि आज सत्य की जीत हुई है। जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अब दोगुने उत्साह से जनता के बीच कार्य करेंगे। भगवत सिंह ने कहा कि 6 महीने तक अरविंद केजरीवाल को, 2 साल मनीष सिसोदिया को 6 महीने संजय सिंह को तथा पार्टी के अन्य नेताओं को जेल में रखकर जो प्रताड़ना उन्होंने तथा उनके परिवार को दी गई है उस की भरपाई कौन करेगा। जिलाध्यक्ष नवीन शर्मा ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता दोगुने उत्साह से काम करेगा और सत्ता के घमंड में चूर इस भाजपा को जनता करारा जबाब देगी। कार्यक्रम में मनोज श्रीवास्तव, बृजेश धाकड़, राजेंद्र तिवारी, प्रमोद शर्मा, नवीन बघेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया



**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'सृजन आंगन की आवाज' विषय पर संगोष्ठी हुई। विदिशा ब्लॉक की 10 चयनित कार्यकर्ताओं ने कविता, कहानी, कठपुतली शो, चित्र व खेल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण पद्धतियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता सहित अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने नवाचारों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत करने की बात कही। लगभग 150 कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## आधे घंटे तड़पते रहे घायल 2 समाजसेवी बने मददगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बुधवार रात करीब 9 बजे शहर में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद लगभग आधे घंटे तक घायल सड़क पर पड़े रहे।

मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ मौजूद थी, लेकिन किसी ने उन्हें अस्पताल पहुंचाने की पहल नहीं की। इसी बीच समाजसेवी आदर्श तिवारी और राजा यादव वहां पहुंचे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए घायलों को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर किया और तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया तथा परिजनों को भी सूचना दी गई। घायलों में से एक की हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर किया गया है, जबकि अन्य चार की स्थिति भी नाजुक बनी हुई है। यह घटना समाज को संवेदनशीलता और आपसी सहयोग का संदेश देती है।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3055
उच्चतम भाव-5470
सरसों
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव-6090
चना
न्यूनतम भाव-4360
उच्चतम भाव-5225
मसूर
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-7001
गेहूं
न्यूनतम भाव -1400
उच्चतम भाव- 2896
मक्का
न्यूनतम भाव-1335
उच्चतम भाव-1635
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3342
धान
न्यूनतम भाव-1421
उच्चतम भाव-4305
बटरी
न्यूनतम भाव-3015
उच्चतम भाव-4350
धनिया
न्यूनतम भाव-6050
उच्चतम भाव-7720
उड़द
न्यूनतम भाव-5460
उच्चतम भाव-5460
मटर
न्यूनतम भाव-3031
उच्चतम भाव-4310
मूंग
न्यूनतम भाव-7000
उच्चतम भाव-7000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 11253 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### पिथौली धाम में जलेगी नारियल की होली

**गंजबासौदा।** श्री बालाजी सेवा समिति देवगढ़ पिथौली धाम ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दो मार्च को ग्राम पिथौली में रात्रि 8 बजे नारियल की होली जलाई जाएगी। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की गई है।

### कृषि उपज मंडी में रहेगा पांच दिन अवकाश



**गंजबासौदा।** कृषि उपज मण्डी समिति ने बताया कि शनिवार से बुधवार तक पांच दिन का अवकाश रहेगा। उक्त दिनों में किसान अपनी कृषि उपज नीलामी के लिए कृषि उपज मण्डी में लेकर न आएं एवं अन्य किसानों को अवगत कराएं।

## फाग महोत्सव के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन

# बाबा श्याम की रंग, गुलाल के साथ उत्साह से निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में शुक्रवार को दोपहर 3 बजे फाग महोत्सव के उपलक्ष्य में बाबा खाटू श्याम की शोभायात्रा उत्साह के साथ निकाली गई। हनुमान चौक स्थित हनुमान मंदिर से शुरू हुई यह यात्रा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए वार्ड क्रमांक 13 स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंची।

शोभायात्रा हनुमान चौक से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौराहा और नेहरू चौक से गुजरी। यात्रा में सबसे आगे डीजे की धुन पर युवा नाचते-गाते चल रहे थे, वहीं महिलाएं भजन गायन कर रही थीं। कई श्रद्धालु अपने हाथों में बाबा खाटू श्याम को भेंट करने के लिए ध्वज लिए हुए थे। नगर के मुख्य मार्गों पर विभिन्न राजनीतिक और





सामाजिक संगठनों के लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस शोभायात्रा में भगवान खाटू श्याम की एक विशेष झांकी पालकी पर सजाई गई थी, जिसे श्रद्धालु अपने कंधों पर उठाकर चल रहे थे। इसके साथ ही एक घोड़ा रथ पर भी बाबा की आकर्षक झांकी सजाई गई थी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पूरी यात्रा के दौरान फाग महोत्सव का उल्लास दिखा और श्रद्धालु एक-दूसरे पर रंग-गुलाल व फूल उड़ाते हुए चल रहे थे।

फाग महोत्सव के इस क्रम में आगामी 1 मार्च को शाम 7 बजे से खाटू श्याम मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भजन गायक प्रकाश मिश्रा कलकत्ता एवं भजन गायिका श्वेता अग्रवाल झारखण्ड होंगी। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# पटवारी अनिल शर्मा ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्लोबल फेस्टिवल 2026 के अंतर्गत आयोजित ग्लोबल इम्पैक्ट समिट एंड अवॉर्ड समारोह का आयोजन IIU University द्वारा नई दिल्ली के एक प्रतिष्ठित ऑडिटोरियम में किया गया। इस वर्ष समारोह की थीम "The World is Meeting in India" रही, जिसके अंतर्गत विश्व के 16 देशों से आए प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर मध्यप्रदेश के गंजबासौदा राजस्व विभाग के पटवारी अनिल शर्मा को उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्य, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता के लिए ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें अंतरराष्ट्रीय गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। समारोह के दौरान Adv. Piyush Pandit संस्थापक, IIU University, Dr. Virginia Rivera यूएसए, प्रोजेक्ट मैनेजर सहित विभिन्न देशों से पधारे प्रतिनिधियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें Mathew Gilbert, Katrina Dixon, Dr. Theresa Moseley, Dr. Freddie Lee, Meribel Hopegood, Alsie Pecheco, Lluiendamoro, Franca Borgia, Pernilla Corriza, Traccey Lene, Dr. Oliver Ramabya, Silvia Ltncor, Jackline Pineiro एवं Diana Richardson प्रमुख रूप से शामिल रहे। सम्मानित होने के बाद अनिल शर्मा ने इस उपलब्धि को अपने विभाग एवं देश के नाम समर्पित करते हुए IIU University के संस्थापक एडवोकेट पियूष पंडित, प्रोजेक्ट मैनेजर डॉ. वर्जीनिया रिवेरा तथा विश्व के विभिन्न देशों से पधारे सभी प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह आयोजन भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# महापुरुषों की पुण्य तिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में देश के महान क्रन्तिकारी चंद्रशेखर आज़ाद एवं वीर सावरकर की पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने दोनों क्रन्तिकारी नेताओं के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जन्म भाबरा गांव जिला अलीराजपुर मध्य प्रदेश में हुआ था। उनका बचपन का नाम चंद्रशेखर तिवारी था, बचपन से ही वे साहसी और देशभक्त स्वभाव के थे। सन 1931 में महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन शुरू किया तब आजाद भी इसमें शामिल हुए और गिरफ्तारी के समय जब जज ने उनका नाम पूछा तो उन्होंने कहा कि नाम आजाद, पिता का नाम स्वतंत्रता पता-जेलखाना तभी से वे चंद्रशेखर आजाद कहलाने लगे। उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु जैसे क्रांतिकारियों के साथ मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया और 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेज पुलिस ने उन्हें घेर लिया तो उन्होंने अंत तक बहादुरी से मुकाबला किया और अपनी आखिरी गोली खुद को मार ली। ताकि अंग्रेज उन्हें जीवित न पकड़ सकें, उन्होंने प्रण लिया था दुश्मन की गोलियों का सामना करेंगे। वहीं विनायक दामोदर वीर सावरकर का जन्म 28 मई 1883 में भगोर जिला नासिक महाराष्ट्र में हुआ था वीर सावरकर में बचपन से ही देशभक्ति और नेतृत्व के गुण दिखाई देते थे। उन्होंने पुणे कॉलेज में अपनी शिक्षा प्राप्त की और आगे की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड गए और वहां इंडिया हाउस से जुड़े रहे। वे महान लेखक राजनेता, कवि और क्रांतिकारी देशभक्त थे तथा वे हिंदू महासभा के अध्यक्ष भी रहे। 1910 में अंग्रेज पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और उन्हें अंडमान निकोबार की सेकुलर जेल में कालापानी की सजा दी गई। वहां उन्होंने विषम परिस्थितियों में कई वर्ष बिताए। इस मौके पर डॉ. अशोक रोहले, विजय यादव ने भी आपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर दीपक तिवारी, सुबोध जैन, मोहन सैनी, कैलाश नेमा, इरफ़ान खान मौजूद थे। अंत में आभार वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने माना।

### मच्छर मार दवा के छिड़काव की मांग

**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर के पाराशरी नदी किनारे की निचली बस्तियों में मच्छरों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। जिससे रहवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगरपालिका से मच्छर मार दवा का छिड़काव कराए जाने की मांग की है।

## पानी के लिए मेहनत ...



**गंजबासौदा।** ऊंट और भेड़ लेकर नगर में आए राजस्थानी चरवाहों ने अपने डेरे शहर के पास लगाए हुए हैं। चरवाहा परिवार की महिलाओं और बच्चों को पानी लाने के लिए यूं मेहनत करनी पड़ रही है। छाया : राजा छारी

# गर्भाशय कैंसर से बचाव का टीकाकरण आज से शुरू, किशोरियों को लगेंगे निःशुल्क टीके

**गंजबासौदा।** शनिवार को प्रधानमंत्री एवं भारत सरकार द्वारा अजमेर (राजस्थान) से एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ किया जाएगा। एचपीवी एक वायरस है जो कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) का प्रमुख कारण है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में दूसरा सर्वाधिक पाया जाने वाला कैंसर है। इस कैंसर से बचाव का एकमात्र तरीका टीकाकरण है जो कि शनिवार से सरकारी अस्पताल (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल, जिला अस्पताल) में निशुल्क लगाया जाएगा, जिसमे गार्डसिल वैक्सीन का एक डोज लगाया जाएगा, बाजार में इसका मूल्य 4000 रुपये है। एचपीवी टीका सिर्फ किशोरियों को लगाया जाएगा जिन्होंने अपना चौदहवां जन्मदिवस मना लिया हो और पंद्रहवा जन्मदिवस ना मनाया हो अर्थात अपनी 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो और 15 वर्ष से आयु कम हो।

टीकाकरण के लिए माता/पिता अथवा अभिभावक की सहमति अनिवार्य होगी। टीकाकरण उपरांत बालिका को 30 मिनट तक निगरानी में रखा जाएगा। अभिभावक अपना मोबाइल और बालिका का आधार कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र साथ में अवश्य लाएं। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमेन्द्र तिवारी ने बताया कि विदिशा जिले में 10 स्थान पर प्रत्येक दिन (शासकीय अवकाश छोड़कर) निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण किया जाएगा। जिसमें जिला अस्पताल विदिशा, सिविल अस्पताल गंज बासौदा, सिविल अस्पताल सिरोंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्योंदा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरवाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटेरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नटेरन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपलखेड़ा शामिल हैं।

# स्वास्थ्य शिविर में 158 वृद्धों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक सराहनीय और मानवीय पहल करते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर मसूदपुर द्वारा वृद्धजनों के लिए भव्य होलिस्टिक वेल बीइंग कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवा का माध्यम बना, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और संवेदना का प्रतीक भी साबित हुआ। शिविर की नोडल अधिकारी डॉ. दर्शना रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 158 वृद्ध लाभार्थियों ने शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञ परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण का लाभ प्राप्त किया।

शिविर में चिकित्सकों ने वृद्धावस्था में होने वाली सामान्य एवं जटिल बीमारियों पर विस्तृत परामर्श दिया। साथ ही जोड़ों का दर्द, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्थि दुर्बलता, पाचन संबंधी समस्याएं और सामान्य कमजोरी जैसी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक दवाएं पूर्णतः निशुल्क वितरित की गईं। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित जांच कराने और समय पर उपचार लेने के प्रति जागरूक करना था। ग्रामीण क्षेत्र में समग्र (Holistic) स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना इस आयोजन का प्रमुख ध्येय रहा। शिविर में ग्रामीणों का उत्साह देखने योग्य रहा। बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने पंजीकरण कर लाभ उठाया और आयोजकों के इस प्रयास की सराहना की। यह आयोजन समाज में सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है। ऐसे प्रयास न केवल स्वास्थ्य को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि सामाजिक एकता और विश्वास को भी मजबूत बनाते हैं। मसूदपुर में आयोजित यह शिविर ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ।

## नव दिवसीय भरत चरित्र कथा का समापन

# प्रभु से दूर होना वनवास है: राम मनोहर दास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संसार में त्याग की पराकाष्ठा यदि किसी ने जीकर दिखाई है, तो वह श्री भरत जी हैं। उन्होंने वनवास पाया नहीं, फिर भी वनवासी जीवन जिया। राजमुकुट सिर पर आ सकता था, पर उन्होंने चरण-पादुका को सिंहासन पर प्रतिष्ठित कर स्वयं को सेवक बना लिया। भरत जी त्याग की मूर्ति थे। उन्होंने अयोध्या के राजमहल में नहीं, बल्कि नंदीग्राम में कुटिया बनाकर जीवन बिताया। राजसी वस्त्र त्याग दिए, मृगचर्म धारण किया, जटा बढ़ाई और कठोर तप किया। चौदह वर्षों तक वे भूमि पर सोए, फलाहार किया और प्रभु के लौटने की प्रतीक्षा करते रहे।

यह 'बिना वनवास के वनवास' था, ऐसा वनवास जिसमें शरीर अयोध्या में था, पर आत्मा चित्रकूट में प्रभु चरणों में। भरत जी के त्याग के यह भाव भगवान सीताराम की प्राण प्रतिष्ठा एवं पंच कुंडीय श्री राम महायज्ञ के उपलक्ष्य में चित्रकूट के सनकादिक आश्रम में आयोजित हुई नौ दिवसीय भरत-चरित्र प्रवचन का शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और भाव-विभोर वातावरण के समापन अवसर पर नगर के नौलखी खालसा महंत राम मनोहर दास महाराज ने भरत चरित्र की कथा के दौरान व्यक्त किए। व्यास पीठ का पूजन कथा के यजमान नागेंद्र उपाध्याय एवं ममता उपाध्याय ने किया। प्राण प्रतिष्ठा एवं पंचकुंडीय महायज्ञ पंडित केशव शास्त्री के आचार्यात्व एवं प्रेमानंद शास्त्री भोपाल के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है जिसका समापन एक मार्च को होगा। कथावाचक ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि संसार में त्याग दो प्रकार का होता है एक, परिस्थितियों से विवश होकर और दूसरा प्रेम से प्रेरित होकर। भरत जी का त्याग प्रेम-प्रेरित त्याग था। वे अयोध्या लौटे तो राज्य रिक्त था, पिता नहीं रहे, प्रभु राम वन को प्रस्थान कर चुके थे। ऐसे समय वे चाहते तो राजगद्दी स्वीकार कर लेते, परंतु उन्होंने स्पष्ट कहा राज्य मेरा नहीं, यह तो प्रभु का है।

महाराज ने महर्षि भारद्वाज ऋषि और भरत लाल के दिव्य संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि संतत्व की सर्वोच्च अवस्था 'उदासीनता' है अर्थात चित्त और बुद्धि का पूर्णतः परमात्मा में स्थिर हो जाना। गोस्वामी तुलसीदास की वाणी का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि जहां ज्ञान सूर्य के समान प्रकाशित हो, वचन सिंहासन की तरह अडिग हो और आत्मा कमल के समान निर्मल वहीं सच्चा संतत्व प्रकट होता है। उन्होंने समझाया कि 'उदासीन' का अर्थ संसार से भागना नहीं, बल्कि संसार में रहते हुए भी परमात्मा राम और माता सीता के स्मरण में निरंतर रत रहना है। जो मनुष्य प्रपंच से ऊपर उठकर केवल ईश्वर-चिंतन में स्थित हो, वही महात्मा कहलाता है। भरत जी की विनम्रता का उदाहरण देते हुए कहा कि वे अपनी प्रशंसा सुनकर असहज हो जाते, किंतु भीतर से प्रभु-स्मरण में और दृढ़ हो जाते थे। संसार में बाहरी साधनों का एकमात्र फल सीताराम दर्शन है।

### वसूली दल ने जमा कराई राशि



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को संपत्ति कर वसूली दल द्वारा दुकान किराया की राशि 108850 जमा कराई गई। वसूली अमले ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी नगर में जारी रहेगी। यहां उल्लेखनीय है कि नगरपालिका द्वारा नगर के सभी वार्डों में दल के साथ पहुंचकर वसूली अभियान चलाकर जलकर एवं संपत्तिकर की वसूली की जा रही है। जिससे नपा को अधिक राजस्व प्राप्त हो।

# एलबीएस में सद्भावना क्रिकेट मैच हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को एलबीएस कॉलेज मेजर ध्यानचंद्र स्टेडियम में एसजीएस कॉलेज और एलबीएस कॉलेज के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें एसजीएस कॉलेज की टीम 20 रन से विजय हुई। सद्भावना मैच का शुभारंभ एलबीएस कालेज की प्राचार्य डॉ इन्दू दुबे, उप प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे, डॉ. मनोज सक्सैना, डॉ. आर आर द्विवेदी एवं प्राध्यापक कुलेन्द्र श्रीवास्तव के आतिथ्य में हुआ। श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय टीम में वेद प्रकाश, मोहर सिंह गुर्जर, एस एस सेंगर, अतुल जैन, दिनकर कद्रे, खेल अधिकारी मनीष अहिरवार, गौरव नामदेव, एवन सिंह विश्वकर्मा, सत्य नारायण सोनी, कार्यालीन स्टाफ से कमलेश विश्वकर्मा, सचिन सक्सेना, गौरव जैन, सुनील राजपूत ने सदभावना मैच में सहयोग किया।

एसजीएस कॉलेज की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और निर्धारित ओवरों में 87 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में एलबीएस कॉलेज की टीम दस ओवर में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त न कर सकी। मैच में विकेट कीपिंग प्रमोद दुबे ने की और दो कैच पकड़े महाविद्यालयों के बीच खेल भावना एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना था, जो सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।

## खबर संक्षेप

### रहस मेला में मोतियाबिंद ऑपरेशन के पश्चात निःशुल्क चश्मों का वितरण

**गढ़ाकोटा।** तीन दिवसीय रहस मेला में कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन के पश्चात संबंधित हितग्राहियों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। डॉ. तिमोरी ने बताया कि राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टिबाधितता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धजनों का निःशुल्क नेत्र रोगों का परीक्षण एवं चश्मों का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. अदिति दुबे, नेत्र रोग विशेषज्ञ, इंद्रा नेत्र चिकित्सालय द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। इस मौके पर जिला चिकित्सालय सागर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेंद्र सराफ, डॉ. आदित्य दुबे, डॉ. अभिषेक ठाकुर (आरएमओ), डॉ. अंकिता सिंह, डॉ. अमित दुबे, डॉ. संजय राय और डॉ. वशिष्ठ सेल्वन तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

### सांदीपनि विद्यालय में विंग-बी भवन का लोकार्पण

**गढ़ाकोटा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गढ़ाकोटा रहस लोकोत्सव 2026 में शामिल होते हुए मंच से मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय सांदीपनि साबूलाल विद्यालय गढ़ाकोटा में 1450 लाख रुपए की लागत राशि से निर्मित विंग-बी (ब्लाक-एफ) के भवन का लोकार्पण किया।

### पाइप लाइन फटने से किसान की फसल चौपट

**मालथौन।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बगौनिया में नगर परिषद की पाइपलाइन फटने से किसान की मेहनत पर पानी फिर गया है। पाइपलाइन से हुए भारी जल रिसाव के कारण करीब 2.3 हेक्टेयर खेत में खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह जलमग्न हो गई। किसानों के अनुसार, इस घटना से एक लाख का आर्थिक फटका लगा है। पीड़ति किसान गीता पति रूपसिंह लोधी निवासी अंडेला ने बताया कि खसरा नंबर 70, 71 और 72 के खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार थी।

ग्रामीण परिवहन सेवा शीघ्र शुरू होगी, शाहपुर सहित प्रदेश में 200 सांदीपनि विद्यालय शुरू होंगे

# सरकारी स्कूलों को निजी विद्यालयों से अच्छी गुणवत्ता युक्त शिक्षा संस्थान बनाने कार्य कर रही सरकार: मंत्री राव उदय प्रताप सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सरकारी स्कूलों को निजी विद्यालयों से अच्छी गुणवत्ता युक्त शिक्षा संस्थान बनाने का कार्य सरकार कर रही है। मध्य प्रदेश में इंदौर से ग्रामीण परिवहन सेवा शीघ्र शुरू होगी। साथ ही रहली विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर सहित प्रदेश में 200 सांदीपनि विद्यालय शुरू होंगे एवं रहली-गढ़ाकोटा का रहस मेला बहुउपयोगी मेला बन गया है। इस प्रकार के मेले प्रदेश में शुरू होंगे। उक्त विचार मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने गढ़ाकोटा में तीन दिवसीय आयोजित रहस मेले के द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, मेला अध्यक्ष अभिषेक दीपू भार्गव, मनोज तिवारी, संजय दुबे, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग शत्रुंजय प्रताप सिंह, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज देवरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आने वाले समय में 200 नये सांदीपनि विद्यालय शुरू किए जाएंगे, जिसमें 20 करोड़ की लागत से रहली विधानसभा क्षेत्र के रहली-शाहपुर में यह विद्यालय शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार परिवहन सेवा को सुगम एवं सुलभ बनाने के लिए अप्रैल माह से इंदौर से ग्रामीण



परिवहन सेवा की शुरुआत होगी,जो धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में लागू होगी।

मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि गोपाल भार्गव एक आदर्श राजनेता हैं,जो लगातार अपना चुनाव जीतते आ रहे हैं। यह कार्य अत्यंत कठिन है, किंतु उनकी जनसेवा इस कार्य को सरल बना देती है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का कार्य उनके बेटे अभिषेक दीपू भार्गव द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रहली विधानसभा क्षेत्र को दो विधायक मिले हैं। यह मध्य प्रदेश का पहला विधानसभा क्षेत्र है, जहां दो-दो विधायक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि एक निर्वाचित विधायक गोपाल भार्गव हैं और दूसरे सेवा करने वाले उनके बेटे अभिषेक भार्गव हैं। मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के विकास के लिए 24 घंटे कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार रहली में भी योजनाबद्ध तरीके से विकास किया जा रहा है।

मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के पलायन को रोकने का कार्य सरकार द्वारा किया गया है, जिससे अब हमारे सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से अच्छी गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा स्कूटी, साइकिल, लैपटॉप, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं छात्रवृत्ति देने का कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री पं गोपाल भार्गव ने कहा कि यह रहस मेला बहुउद्देशीय मेला बन गया है, जिसमें एक छत के नीचे शासन की सभी योजनाएं देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के कारण आज रहली विधानसभा क्षेत्र लगातार विकास कर रहा है और इस क्षेत्र के विद्यार्थी प्रदेश एवं देश में उच्च पदों पर कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों की छवि सुधारने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से सांदीपनि विद्यालय हैं, जहां निजी विद्यालयों से अच्छी शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब नींव कमजोर होती है तो भविष्य कमजोर होता है, किंतु सरकार प्राथमिक शिक्षा को मजबूत कर नींव को सुदृढ़ कर रही है।

विधायक एवं पूर्व मंत्री भार्गव ने कहा कि रहली विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 26,000 से अधिक प्रधानमंत्री आवास बनाने का कार्य किया जा चुका है और 5,000 से अधिक प्रधानमंत्री आवास और स्वीकृत हुए हैं। इस प्रकार क्षेत्र का कोई भी गरीब व्यक्ति बिना छत के नहीं रहेगा।

भार्गव ने कहा कि इस रहस मेले में दूसरे दिन दिव्यांग प्रशिक्षण सेवा शिविर लगाया गया था, जिसमें दिव्यांग प्रमाणपत्र, दिव्यांगों की जांच एवं उपकरण वितरण का कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि 2 दिनों में 1,500 से अधिक व्यक्तियों के दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाए गए एवं अनेक दिव्यांगजनों को उपकरण प्रदान किए गए।

इस अवसर पर रहस मेला अध्यक्ष अभिषेक भार्गव दीपू ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सुरेश कपस्या, अभिलाष मिश्रा, एसडीएम कुलदीप पाराशर, विकास खंड शिक्षा अधिकारी स्वाती दुबे, आर.डी. अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विक्की जैन ने किया ।



## शहर कांग्रेस ने लगातार हो रही हत्याएं, कटर बाजी और लूट के विरोध में एसपी को ज्ञापन सौंपा

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने आज बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एडिशनल एसपी लोकेश सिंन्हा को ज्ञापन सौंप कर को शहर में लगातार हो रही हत्याओं एवं कटर बाजी तथा लूट को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा। महेश जाटव ने कहा शहर में लोगों का पुलिस पर से विश्वास उठ गया है अपराधियों को पुलिस का भय नहीं रह गया है जो चिंताजनक है। महेश जाटव ने बताया कि पूर्व में भी आईजी ऑफिस पर कांग्रेस ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सोपा था लेकिन छुटपुट पहल छोड़ पुलिस के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है। महेश जाटव ने कहा कि हाल ही में डॉक्टर सर हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट की गई एवं उनकी सही तरीके से एफआईआर भी दर्ज नहीं हुई। कुछ अराजकतत्व विश्वविद्यालय पहुंचकर गुंडागर्दी कर रहे हैं जिन पर कार्यवाही नहीं की गई। शहर में सूदखोरी का व्यापार पनप रहा है कर्ज के तले लोग अपनी जान दे रहे हैं। बीते दिनों एक कपड़ा व्यापारी मोगली जैन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता धर्मेंद्र चौधरी की आत्महत्या के पीछे भी यही कारण चर्चा का विषय बने हुए हैं। अपराधी गैंगवार कर रहे हैं उन्होंने गैंग बना ली है बाकायदा सोशल मीडिया पर भी एक्टिव है लेकिन किसी लालच वस या दबाव में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है इसका पुलिस शहर की जनता को जवाब दे। महेश जाटव ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए बताया कि पुलिस को कांग्रेस के पुतला दहन की खबर भी लग जाए तो पूरे शहर की व जिले की पुलिस कांग्रेस को रोकने में लग जाती है लेकिन अगर अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे तो पुलिस गुम हो जाती हैं। अमन और शांति का टापू जिस शहर को कहा जाता था वहां विश्वविद्यालय में भी अब अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जाने लगा है वहां भी उत्पात मचने लगा है जिससे छात्रों में दहशत हो गई । ज्ञापन का वाचन संगठन महा मंत्री रामकुमार पचौरी ने किया इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, अमित राम जी दुबे, मुकुल पुरोहित, जगदीश यादव ,नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव, प्रदीप गुप्ता, सेवालाल अध्यक्ष सिंटू कटारे, अखिलेश मनी केसरवानी, सुरेंद्र चौबे, राकेश राय आदि मौजूद थे।

## सड़क पर तड़प रहा था बाइक सवार, तत्काल पहुंची 112 की टीम, पहुंचाया अस्पताल

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में दो बाइक सवार व्यक्ति सड़क हादसे का शिकार हो गए। जिनमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वह सड़क किनारे बैठा तड़प रहा था। उसका साथ भी मामूली घायल था। स्थानीय लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। जिसके बाद इवेंट मिलते ही मौके पर तत्काल गढ़ाकोटा की 112 की टीम मौके पर पहुंची और बिना देर किये घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। एफआरबी टीम ने सजगता दिखाते हुए और मामले की गंभीरता को देखते हुए घायल समेत उसके साथ मौजूद व्यक्ति को लेकर अस्पताल पहुंची। जहां उसे समय पर इलाज मिल पाया। बताया जा रहा है की सागर के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी थी। जिससे बाइक सवार हरिराम चढ़ार और धरम दास चढ़ार घायल हो गए। जिसमें हरिराम चढ़ार गंभीर घायल थे। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। तभी मौजूद लोगों ने 112 को कॉल किया। भोपाल से गढ़ाकोटा की टीम को इवेंट मिला। जिससे टीम तुरंत ही रवाना हुई। और घायलों को अस्पताल ले गए जिससे दोनों को समय से इलाज मिल गया।

## आशीर्वाद स्कूल में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

राष्ट्र सेविका समिति एवं भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में आशीर्वाद पब्लिक स्कूल सागर में स्वास्थ्य परिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं अतिथियों के आदर सत्कार के साथ हुआ। तद्रोपरान्त अध्यक्षीय उद्बोधन, भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य ही प्रथम धन है लेकिन विडंबना यह है कि हम इस धन की सुरक्षा तभी करना शुरू करते हैं जब हम इसे खोने लगते हैं।

स्वास्थ्य परीक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि- नियमित जांच केवल डॉक्टरों के चक्कर लगाना नहीं है, बल्कि यह अपने शरीर के साथ एक संवाद है। हमारे शरीर की देखभाल एवं एक छोटा सा टेस्ट आपके जीवन की बड़ी कहानी बदल सकता है। तत्पष्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सागर की जिला कार्यवाहिका अंजली दुबे ने कहा कि आप सभी अपना बहूमूल्य समय निकालकर स्वास्थ्य प्रशिक्षण हेतु आईं, यह आपके स्वाथ्य के प्रति जागरूकता को स्पष्ट करता है। हमें सदैव शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना चाहिए। जिससे हम समाज में और परिवार में अपना योगदान प्रसन्नता पूर्वक कर सकें। सागर की स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता दुबे ने महिलाओं को महिला जनित शारीरिक कष्ट के कारण समस्या एवं समाधान दोनों पर अपना विषय रखा। डॉ. दुबे ने महिलाओं को गर्भाषय एवं मासिक धर्म की सावधानियों पर विषय को स्पष्ट किया ।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सागर में पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की एवं आयोजन हेतु विभिन्न टोलियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला 28 फरवरी शनिवार को धर्मश्री स्थिति संभागीय भाजपा कार्यालय में दोपहर 1:30 से आयोजित की जाएगी।

## जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन




**विदिशा।** जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में जिलेभर से लगभग 150 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 5 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा, जो राज्य स्तरीय यूथ पार्लियामेंट में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।
इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यूथ पार्लियामेंट केवल भाषण प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की विचारशक्ति, लोकतांत्रिक समझ और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब युवा संविधान के मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के माध्यम से किया जा रहा है और ऐसे कार्यक्रम युवाओं में जागरूकता एवं नेतृत्व के गुण विकसित करते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं संस्था को बधाई दी। कार्यक्रम की रूपरेखा से जिला युवा अधिकारी आकांक्षा महावरिया (मेरा युवा भारत, भारत सरकार) ने अवगत कराया। मप्र यूथ आइकॉन एवं राष्ट्रपति से सम्मानित कुमारी आयुषी सिंह ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सर्वोच्च पुरस्कारों एवं एनएसएस की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संस्था प्राचार्य डॉ. नवीन गोयल ने अतिथियों का स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

## रंगभरी ग्यारस पर खेली गई ऐतिहासिक होली

### एकादशी परिक्रमा में फूलों और गुलाल से गूंजा समरसता व सद्भाव का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

उदयगिरि गुफाएं की तलहटी में शुक्रवार को अमल एकादशी (रंगभरी ग्यारस) के अवसर पर मध्यप्रदेश प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा आयोजित एकादशी परिक्रमा के दौरान भव्य होली उत्सव मनाया गया। करीब 1000 श्रद्धालुओं ने फूलों और गुलाल से ऐतिहासिक होली खेलते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव ने माता पार्वती के साथ होली खेली थी। उसी दिव्य दृश्य को सजीव करते हुए भक्तों ने भजनों पर नृत्य किया। पूरा परिसर मानव वृंदावन की होली जैसा प्रतीत हो रहा था। उत्सव ने समरसता, सद्भावना और शांति का संदेश दिया। परिक्रमा में भागवत आचार्य रवि कृष्ण, संजीव शर्मा, विनोद रैकवार, विजय दीक्षित, प्रशांत शर्मा, अरुण अवस्थी, हेमंत पंडित, सोनू सरपंच, सरदार कुशवाहा, चंदन कुशवाहा, बिट्टू शर्मा, कृष्ण दीक्षित, रत्नेश सोर्नी, नेतराम कुशवाहा, गजेंद्र सिंह राजपूत सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान जामुन के पौधे का रोपण भी किया गया। परिक्रमा संचालक संजय राजपुरोहित ने बताया कि यह धार्मिक परंपरा पिछले 9 वर्षों से निरंतर जारी है।

## पुण्यतिथि पर वृद्धजनों को कराया गया भोजन, श्रद्धांजलि अर्पित की

**विदिशा।** श्री हरि वृद्ध आश्रम में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी स्वर्गीय आशा सिंह की पुण्यतिथि वृद्धजनों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन युवा कांग्रेस नेता अशोक वीर सिंह रघुवंशी (बिप्पे) गजार ने अपने साथियों के साथ किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री सुभाष बोहत ने आशा सिंह के सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि वे सदैव समाजसेवा से जुड़ी रहीं।

### शहनाई गार्डन में श्रद्धांजलि सभा आज

**विदिशा।** भाजपा नेता भगवान दास धनवानी, पूर्व पार्षद वासूदेव धनवानी, आसनदास सांची, पुरुषोत्तम दास एवं शिक्षक दिलीप कुमार की माताजी श्रीमती कला देवी धनवानी को गुरुवार को पंच तत्व में विलीन किया गया। आज शनिवार शाम 5 बजे शहनाई गार्डन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है। वह अपनी पीछे नरेंद्र धनवानी (नरू) सहित नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गईं हैं।



## 20 दिन तक चले वार्षिकोत्सव विहान 2026 का समापन हुआ



**विदिशा।** साईं कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में वार्षिक वार्षिकोत्सव विहान 2026 का 20 दिन से चले आ रहे आयोजन का समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा उपस्थित रहीं। उक्त कार्यक्रम में खेलकूद, सांस्कृतिक, शैक्षिणक, एवं वर्किंग माडल, पोस्टर प्रजेंटेशन जैसे कई तरह की गतिविधियों मे प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को संस्था ने विधायक मुकेश टंडन एवं प्रीति राकेश शर्मा के हाथों से ट्राफी दिलावाकर पुरस्कृत किया।

मुख्य अतिथि के द्वारा पिछले वर्ष में शैक्षिक क्षेत्र में जिन छात्रों ने उत्कृष्ट प्राप्त की उनको ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। अंत में प्रीति राकेश शर्मा ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और उनका मार्गदर्शन दिया कि आने वाला समय मे मेडिकल क्षेत्र में छात्रों को अधिकतम अपॉर्चुनिटी उपलब्ध है। जिससे उनका पारिवारिक और सामाजिक विकास हो सकता है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार निरंतर प्रयास कर उच्च स्तर की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है जिसमे सबसे पहली प्राथमिकता पैरामेडिकल और नर्सिंग के स्टाफ बढ़ाने की है। जिससे आप लोगों को अधिकतम इस क्षेत्र में रोजगार मिलेगा। अतिथियों ने सभी छात्रों को पैरामेडिकल कोर्स चुनने के लिए बधाई एवं शुभकामनाये दीऔर अच्छी से अच्छी ट्रेनिंग और शैक्षणिक लाभ प्राप्त करने के लिए सलाह दिया।

पुलिस की सहायता के बाद भी नहीं चला परिजनों का पता

# मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कर लावारिस छोड़ गया नाती, आश्रम बना 70 वर्षीय वृद्धा का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के ग्राम उमरिया निवासी 70 वर्षीय लक्ष्मीबाई जाटव की मार्मिक कहानी ने समाज को झकझोर कर रख दिया है।



लगभग दो माह पूर्व कमर की हड्डी टूटने पर उनके नाती ने उन्हें अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। भर्ती के समय उसने अपना पता, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड जमा किया, लेकिन इसके बाद वह अचानक लापता हो गया और वृद्धा पूरी तरह लावारिस हो गईं। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मानवता का परिचय देते हुए न केवल उनका समुचित इलाज कराया, बल्कि दो माह तक निरंतर सेवा की।

परिजनों की तलाश में पुलिस और प्रशासन की मदद ली गई, किन्तु कोई सफलता नहीं मिली। अंततः कॉलेज के डीन डॉ. मनीष निगम ने श्री हरि वृद्ध आश्रम की अध्यक्ष इंदिरा शर्मा और संचालक वेदप्रकाश शर्मा से चर्चा की। परिस्थितियों को देखते हुए आश्रम ने लक्ष्मीबाई को अपने यहां आश्रय देने का निर्णय लिया।



अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने बताया कि आश्रम में सामान्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है, लेकिन गंभीर मरीजों की देखभाल चुनौतीपूर्ण होती है। इसके बावजूद टीम ने 24 घंटे सेवा का संकल्प लिया है।

वेदप्रकाश शर्मा ने कहा कि आश्रम विशेष केयरगिवर टीम गठित करने की योजना बना रहा है, जिसमें सामाजिक संगठनों और मेडिकल-नर्सिंग विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा। यह घटना जहां मानवता की मिसाल है, वहीं समाज को अपने पारिवारिक मूल्यों और बुजुर्गों के प्रति जिम्मेदारी पर पुनर्विचार करने का संदेश भी देती है।

## ज्ञापन देकर आंदोलन की चेतावनी दी

- नरवाई जलाने पर कार्रवाई की गई तो तहसील का घेराव करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नटेरन

भारतीय किसान संघ की तहसील इकाई नटेरन ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों की विभिन्न समस्याओं पर तत्काल समाधान की मांग की।

संघ ने फसलों के दाम, ऋण अदायगी की समय-सीमा और नरवाई प्रबंधन के नाम पर किसानों पर हो रही कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताई। किसान नेताओं ने कहा कि "प्रदूषण मुक्त भारत" की जिम्मेदारी केवल किसानों पर नहीं डाली जा सकती। यदि नरवाई के मुद्दे पर किसानों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई तो तहसील का घेराव कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में आठ प्रमुख मांगें रखी गईं, जिनमें गेहूं की खरीदी 2700 प्रति क्विंटल सुनिश्चित करना, सभी फसलों का लागत आधारित लाभकारी मूल्य, केसीसी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई 2026 तक बढ़ाना, समर्थन मूल्य केंद्रों पर धर्म कांटे से तुलाई, संजय सागर व सगड़ डैम से वंचित गांवों को नहर से जोड़ना, नरवाई निपटान पर सब्सिडी, चना-मसूर फसल का सर्वे कर मुआवजा तथा मसूर खरीदी सीमा 3 क्विंटल प्रति बीघा करना शामिल है। ज

**आवश्यकता है**

अतुल सेल्स कॉरपोरेशन - सिरोंज

सिरोंज स्थित सॉर्टेक्स प्लांट में अनुभवी स्टाफ की भर्ती
पदः धर्म कांटा हैंडलिंग / प्लांट ऑपरेटर / मंडी कार्य प्रभारी
अनुभव - न्यूनतम 5 वर्ष
स्थान - गर्ग वेयरहाउस, एल.बी.एस, कॉलेज के सामने, कुरवाई रोड, सिरोंज

**इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें: 7067392947**

## खबर संक्षेप

### डेफोडिल्स स्कूल में नेत्र परीक्षण शिविर कल

**बरेली।** डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल काली मंदिर के सामने एक मार्च रविवार को निःशुल्क मधुमेह, नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन हो रहा है। भोपाल से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा रोगियों की जाँच और उपचार की सलाह दी जाएगी। एक मार्च रविवार को डायबेसिटी सेन्टर एवं चावलाज़ विजन केयर भोपाल लायंस क्लब एवं डेफोडिल्स ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के संयुक्त प्रयासों से काली मंदिर के सामने डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल में लगने वाले निशुल्क चिकित्सा शिविर में डायबिटिज़ मरीजों की आखों की जाँच, परामर्श, शुगर की जाँच, ब्लड प्रेशर, पैरों की नसों की जाँच की जाएगी। रोगियों के उपचार के लिए डॉ. संजीव गुलाटी विशेषज्ञ, डॉ. गजेन्द्र चावला विशेषज्ञ के द्वारा सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा। डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने नेत्र, मधुमेह रोगियों से निशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### आज ई-लायब्रेरी का लोकार्पण, वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह

**रायसेन।** जिला अभिभाषक संघ रायसेन द्वारा नव निर्मित ई-लाइब्रेरी का लोकार्पण शनिवार को दोपहर 2 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में होगा। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह और सामूहिक भोज भी आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर एवं पोर्टफोलियो जज रायसेन न्यायमूर्ति विनय सराफ उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार सोहने करेंगे। अभिभाषक संघ के जिलाध्यक्ष विनयकांत चतुर्वेदी, सचिव प्रमोद साहू ने बताया ई-लायब्रेरी से अधिवक्ताओं को डिजिटल विधिक सामग्री और अद्यतन संदर्भ सामग्री उपलब्ध होगी। आयोजन में संघ की कार्यकारिणी, अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

छोटी-छोटी गलतियों से रिजेक्ट हो रहे आवेदन, प्रक्रिया सरल करने की मांग

# विवाह प्रमाण पत्र महंगा हुआ, 50 की जगह अब लग रहा 200 रु. का स्टांप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

विवाह प्रमाण पत्र बनवाना अब पहले से महंगा और जटिल हो गया है, जहां पहले 50 रुपए के स्टांप पर काम हो जाता था। वहीं अब 200 रुपए के नॉन-ज्यूडिशियल स्टांप की अनिवार्यता कर दी गई है। स्टांप शुल्क में 4 गुना वृद्धि कर लोगों पर आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। वर्ष 2008 के बाद जिन दंपत्तियों का विवाह हुआ है। उनके लिए विवाह पंजीयन कराना अनिवार्य होता है। इसके साथ ही आवेदन में छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण बड़ी संख्या में आवेदन निरस्त किए जा रहे हैं। इससे आमजन को बार-बार दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

सरकारी योजनाओं बैंक कार्यों पासपोर्ट बीमा क्लेम और अन्य शासकीय प्रक्रिया में विवाह प्रमाण पत्र आवश्यक के रूप में मांगा जाता है ऐसे में इसकी बड़ी हुई फीस और भीम के कारण आवेद को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका और जनपद पंचायत कार्यालयों में इन दिनों विवाह प्रमाण पत्र बनवाने वालों की भीड़ देखी जा रही है। नगरीय निकायों, नगर परिषद जनपद पंचायत में विवाह प्रमाण पत्र बनवाने हर महीने हजारों आवेदन जमा किए जा रहे हैं। उसे बनवाने की प्रक्रिया काफी जटिल और खर्चीली होती जा रही है।

ऐसी स्थिति में लोगों की विवाह प्रमाण पत्र बनवाने में बेहद परेशान होना पड़ रहा है। हालांकि प्रमाण पत्र को बनवाने में पहले 50 रुपए का खर्च आता था लेकिन अब 200 रुपए के स्टांप पर प्रमाण पत्र बनाया जाता है जिससे आवेदक काफी परेशान रहते हैं। कई आवेदकों का कहना है कि नाम की स्पेलिंग, जन्मतिथि में अंतर, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों में हल्की सी असमानता के कारण आवेदन वापस हो जाते हैं। सुधार के लिए दोबारा स्टांप व दस्तावेज लगाना पड़ रहा है। ऐसे में प्रक्रिया की जटिलता आमजन के लिए परेशानी का कारण बन रही है।

#### आवेदन निरस्त करना अनिवार्य

अधिकारियों का कहना है कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार दस्तावेजों की जांच पड़ताल की जाती है। त्रुटि पर आवेदन निरस्त करना अनिवार्य है।



#### पहले 50, अब 200 रुपए का लग रहा है स्टाम्प

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पहले शपथ पत्र 50 रुपए के स्टांप पर तैयार हो जाता था। लेकिन अब 200 रुपए के स्टांप की अनिवार्यता से लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को स्टांप खरीदने और दस्तावेज तैयार कराने में अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। कई मामलों में टाइपिंग और नोटरी शुल्क अलग से देना पड़ता है।

#### विकल्प दिया जाए

सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने मांग की है कि विवाह प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटियों को सुधारने का विकल्प दिया जाए और स्टांप शुल्क को यथासंभव कम किया जाए। साथ ही, एकल खिड़की व्यवस्था (सिंगल विंडो सिस्टम) लागू कर दस्तावेजों की जांच उसी समय कर ली जाए। ताकि लोगों को बार-बार कार्यालय न आना पड़े।

#### इनका कहना है

पहले 50 स्टांप शुल्क शासन स्तर पर अब 200 रूपये स्टांप शुल्क बढ़ा दी गई है। यदि लोकसेवा केंद्रों के कर्मचारियों द्वारा आवेदन बनाने में कोई त्रुटि करेंगे इसके लिए वह स्वयं उत्तरदायि होंगे।
- **रवि चंदेल,** जिला लोक सेवा अधिकारी रायसेन

## परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षाएं संचालित हैं। जिले में बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू और निर्विघ्न संचालन हेतु कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा परीक्षा केन्द्रों का लगातर भ्रमण किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर ने शुक्रवार को परीक्षा केंद्र शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देहगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ी तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गैरतगंज पहुंचकर निरीक्षण किया।

उन्होंने परीक्षा केंद्र प्रभारी तथा शिक्षाओं से जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि परीक्षा निर्विघ्न और सुचारू सम्पन्न कराई जाए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक भी उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत मानपुर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत बैठक व सम्मान समारोह आयोजित

**रायसेन।** जनपद पंचायत सांची के अंतर्गत ग्राम पंचायत मानपुर में स्वच्छता को लेकर गुरुवार को दोपहर एक अनूठी पहल देखने को मिली। स्वच्छ भारत अभियान के तहत दोपहर में सरपंच राय की मौजूदगी में ग्रामवासियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान स्वच्छता के महत्व, गांव को कचरा मुक्त बनाने और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं बल्कि जनभागीदारी से सफल होने वाला अभियान है। यदि हर नागरिक अपने घर के साथ-साथ आसपास के वातावरण की भी जिम्मेदारी ले, तो गांव को आदर्श बनाया जा सकता है।

## निशि शर्मा ने फार्मास्युटिकल साइंसेज दिल्ली में गोल्ड मेडल हासिल किया

सांची नगर का किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज और रिसर्च यूनिवर्सिटी नई दिल्ली द्वारा आयोजित आठवीं दीक्षांत समारोह में कुमारी निशि शर्मा को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान एमबीए हेल्थ केयर और मैनेजमेंट हॉस्पिटल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर प्रदान किया।

कुमारी निशी शर्मा सांची के वार्ड नंबर 13 डॉक्टर हेडगेवार कॉलोनी के बृजमोहन शर्मा तथा विमला शर्मा की सुपुत्री हैं। इन्होंने सांची सहित जिले तथा प्रदेश का नाम गोरवान्वित किया है। इस सफलता को कुमारी निशि शर्मा ने अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है, इनका लक्ष्य हमेशा ऊंचाइयों को छूना रहा है।



## बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई, बकाया पर दो किसानों की मोटर जब्त, क्षेत्र में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले दीवानगंज क्षेत्र के जमुनिया और हिनोतिया गांव में बिजली विभाग ने गुरुवार देर शाम को बकाया वसूली को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। डेढ़ लाख रुपए से अधिक विद्युत बिल बकाया होने पर विभागीय अमले ने दो किसानों की सिंचाई मोटर जब्त कर ली।

कार्रवाई के दौरान सलामतपुर विद्युत केंद्र के जूनियर इंजीनियर मनीष कुमार श्रीवास्तव तथा बिजली विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि संबंधित किसानों पर लंबे समय से बिजली बिल बकाया था, नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं किया गया, जिसके बाद यह जब्ती कार्रवाई की गई।



जूनियर इंजीनियर मनीष कुमार श्रीवास्तव ने स्पष्ट कहा कि जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया है, वे शीघ्र बिल जमा करें, अन्यथा बिजली विभाग द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बकाया वसूली अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

इस कार्रवाई के बाद पूरे दीवानगंज क्षेत्र में बकायेदार उपभोक्ताओं के बीच हड़कंप की स्थिति बन गई है। किसान और उपभोक्ता बिजली बिल जमा कराने के लिए सक्रिय हो गए हैं।

विभाग ने संकेत दिए हैं कि बकायेदारों के विरुद्ध इसी प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

त्योहारों को लेकर प्रशासन सतर्क

## रमजान के पवित्र माह में रोजे नमाज में जुटा मुस्लिम समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

पाक माह रमजान के दूसरे जुमे पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में गहरी धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोगों में खासा उत्साह नजर आया। दोपहर के समय नगर की मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदार नमाज अदा करने पहुंचे। मस्जिदें अकीदत मंदों से खचाखच भरी रहीं और पूरे वातावरण में इबादत की रूहानी फिजा महसूस की गई।

रमजान के पवित्र महीने में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी घरों में पांच वक्त की नमाज अदा कर रही हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक रोजा रखकर इबादत में मशगूल हैं। नमाज के दौरान अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी गईं।



शाम ढलते ही नगर के बाजारों में रौनक बढ़ गई। इफ्तार की तैयारी के लिए फल, खजूर, सेवइयां, और अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देखी गई। रोजेदारों ने उत्साह के साथ इफ्तार की सामग्री की खरीदारी की। बाजारों में चहल-पहल का माहौल रहा और रमजान की रौनक साफ नजर आई।

## पहले टी-20 मैच में 221 रनों का पीछा कर रही हरदा 185 रन ही बना पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित सीनियर मेंस जिला स्तरीय टी-20 प्रतियोगिता का आगाज हुआ। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि व्हाइट बाल टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से संभाग की टीम का चयन किया जाता है जो आगामी 16 मार्च से एमपीसीए द्वारा आयोजित जेएन भाया टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि एमपीसीए मैनेजिंग कमेटी सदस्य अनुराग मिश्रा और जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष राजेश चौरे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता का पहला मैच नर्मदापुरम और हरदा के मध्य खेला गया जिसमें हरदा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नर्मदापुरम टीम ने कप्तान राहुल चंद्रौल के शानदार 74 रन,अथर्व महाजन 36 रन,गौतम बौरासी के 25 और संदीप कैथवास के 20 रनों की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 220 रन बनाए और 221 रनों का लक्ष्य हरदा को दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए हरदा की टीम 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 185 रन ही बना सकी जिसमें सोहेल खान ने 50 रन,चंदन संगोले ने 43 रन और अक्षत सोलंकी ने 26 रनो का योगदान दिया। नर्मदापुरम टीम को गौरव दशोरे एवं संदीप कैथवास ने 2-2 और ऋत्विक दीवान, कार्तिक राजोरिया एवं प्रवीण यादव को 1-1 सफलता प्राप्त हुई।



स्थाई वारंटी को न्यायालय में पेश किया

## काम्बिंग गश्त के दौरान फरार स्थाई वारंटी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना पुलिस को काम्बिंग गश्त के दौरान 2 महीने से फरार स्थाई वारंटी को पकड़ने में सफलता मिली है। एसपी आशुतोष गुप्ता के दिशा निर्देशन में फरार वारंटियों को पकड़ने का अभियान जोरों पर चल रहा है। इसी कड़ी में थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने गुरुवार-शुक्रवार रात्रि में पुलिस टीम के साथ कॉम्बिंग गश्त के दौरान फरार स्थाई वारंटी पकड़ा है।

स्थाई वारंटी रूपसिंह पिता प्रेम सिंह निवासी ग्राम सेमरा थाना सलामतपुर जो 138 एनआइए चेक बाउंस के मामले में 2 महीने से फरार था। मोबाइल लोकेशन से घेराबंदी कर घर से गिरफ्तार किया है।



एसपी के निर्देशन एवं एएसपी कमलेश खरपुसे के मार्गदर्शन में सभी एसडीओपी के नेतृत्व में थानावार टीमें गठित कर स्थाई, फरार वारंटियों की धरपकड़ और गुंडा, बदमाश सहित अपराधिक लोगों की निगरानी हेतु कॉम्बिग गश्त की गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान थानावार पुलिस टीम ने 57 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए। 77 गिरफ्तारी वारंट भी तामिली कराए गए।

### प्रशांत विश्वकर्मा बने कंपनी सेक्रेट्री, लोगों ने बधाइयां दी

**दीवानगंज।** कस्बे के निवासी प्रशांत विश्वकर्मा पिता मूलचंद विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष, ने बुधवार को घोषित कंपनी सेक्रेट्री (सीएस) की प्रोफेशनल परीक्षा के दोनों ग्रुप उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आधिकारिक रूप से सीएस बनने वाले वे दीवानगंज के पहले युवक बन गए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है। यह उपलब्धि उनके निरंतर परिश्रम और मजबूत संकल्प का परिणाम मानी जा रही है। सीमित संसाधनों के बीच रहकर उच्च व्यावसायिक परीक्षा पास करना क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है।



## फिर बदला मौसम, आसमान में छाए काले बादल से किसानों की चिंता बढ़ी

तीन दिन पहले की बारिश से पहले ही हो चुका है नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र में शुक्रवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे और ठंडी हवा चलती रही, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई। पिछले सप्ताह लगातार तीन दिन हुई हल्की बारिश से फसलों को पहले ही नुकसान हो चुका है, ऐसे में फिर मौसम बिगड़ने की आशंका ने ग्रामीणों को परेशान कर दिया है।

किसानों का कहना है कि इस समय खेतों में गेहूं, चना और मसूर की फसल पकने की अवस्था में है। हल्की बारिश से भी दाने काले पड़ने, झुकने और उत्पादन घटने का खतरा रहता है। पिछले सप्ताह हुई बारिश से कई खेतों में फसल झुक गई थी जिससे फसल उत्पादन में 20 से 25 प्रतिशत की कमी आएगी। कई जगह चना और मसूर की फसल पक चुकी है। मौसम खराब होने से कटाई में देरी हो रही है।



यदि फिर बारिश होती है तो नुकसान और बढ़ सकता है। किसान अब मौसम साफ होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं ताकि कटाई का कार्य समय पर किया जा सके।

किसानों का कहना है कि फरवरी-मार्च में बेमौसम बादल और बारिश रबी फसलों के लिए सबसे बड़ा खतरा मानी जाती है। इसलिए अचानक मौसम खराब होने से क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया है।

हास्य कवियों के साथ सजेगी महफिल

## होली का हुड़दंग, कवियों के संग कवि सम्मेलन की तैयारियां

**श्री निराला समिति के तत्वाधान के किया जा रहा है कवि सम्मेलन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति द्वारा पिछले 3 दशकों से नगर में होली का हुड़दंग कवियों के संग अभा कवि सम्मेलन का निरन्तर आयोजन किया जा रहा है। रंग पंचमी 8 मार्च की रात्रि में होने वाले हास्य कवि सम्मेलन की तैयारियां प्रारंभ हो गई है।

श्री निराला समिति के तत्वावधान में होने वाले अ.भा. हास्य कवि सम्मेलन में इस बार नगर एवं क्षेत्र के हिन्दी काव्य प्रेमियों के मुन्ना बैट्री मंदसौर, योगिता चौहान इटावा, आदित्य जैन कोटा, संगम खत्री बेटमा, सफर जोनपुरी सावनेर, राघवेन्द्र लोधी सागर की काव्य रचनाओं को निकट से सुनने का अवसर प्राप्त होगा।

#### समर का सम्मान

रायसेन जिले की माटी में जन्मे मदन मोहन समर जो कि पुलिस विभाग में डीएसपी के पद से सेवानिवृत हो चुके है। समर आज के राष्ट्रीय कवि है। उनकी मंचों पर काव्य यात्रा की शुरुआत निराला समिति द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन से हुई। ऐसे कवि मदन मोहन समर का निराला समिति द्वारा सम्मान किया जाएगा। 8 मार्च रविवार को रामलीला मैदान में होने वाले कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक व राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल रहेगें। समिति के पदाधिकारियों द्वारा निरन्तर संपर्क प्रचार अभियान चलाया जा रहा है।

## श्रीमद भागवत कथा में श्रीकृष्ण का धूमधाम के साथ मनाया जन्मोत्सव

मंगल बधाई गीतों पर जमकर झूमी-नाची महिलाएं

**श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के समय कथा पांडाल में गूंजी जयकारों की गूंज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

श्रीशिव महिला मंडल के तत्वाधान में 24 फरवरी से प्रारंभ हुई नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस कथा व्यास पू. महंत प्रज्ञा भारती ने श्रीकृष्ण के जन्म से पूर्व मथुरा के राजा कंश के अन्याय- अत्याचारों के प्रसंगों का वर्णन किया गया।

कहा कि जब-जब धरती पर साधु-संतों, सज्जनों, ईश्वर भक्तों पर अन्याय-अत्याचार होते है। तब-तब ईश्वर भारत भूमि पर अवतार लेकर दुष्टों का नाश करते है।



कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के कारागार में जन्म होने के साथ नंद बाबा एक टोकरी में बाल श्रीकृष्ण को लेकर कथा स्थल पर मौजूद श्रद्धालु नर-नारियों के बीच पहुंचे तो कथा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बधाई मंगल गीतों से सम्पूर्ण पंडाल में उपस्थित महिलाएं भाव-विभोर होकर गीत, भजनों पर नाचती झूमती रही। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर माखन-मिश्री सहित अन्य प्रसादी का भक्तों के बीच वितरण कर भारी उत्साह के साथ कथा पंडाल में लम्बें समय तक श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, नदोंत्सव की धूम मची रही।